बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-13
06/01/2025

दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाश पर्व में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 06 जनवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाश पर्व पर तख्त श्रीहरिमंदिर जी परिसर, पटना साहिब में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने तख्त श्रीहरिमंदिर जी, पटना साहिब में मत्था टेका और राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान देश के अलग–अलग हिस्सों से आये जत्थेदारों, श्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमिटी के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री को तलवार, अंगवस्त्र, सरोपा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा बाल लीला मैणी संगत जाकर वहां भी मत्था टेका और राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा, गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटी, पटना साहिब के अध्यक्ष सरदार जगजोत सिंह, गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटी, पटना साहिब के महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह, बाबा कश्मीर सिंह भूरी वाले, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त श्री मयंक बरबड़े, पटना प्रक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती गरिमा मलिक, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार, राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविन्द कुमार, अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारीगण, सिख संगत, सेवादार एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

******